रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 392] नई दिल्ली, सोमवार, अक्तूबर 22, 2018/आश्विन 30, 1940
No. 392] NEW DELHI, MONDAY, OCTOBER 22, 2018/ASVINA 30, 1940

**महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण**

**अधिसूचना**

मुंबई, 10 अक्तूबर, 2018

**सं. टीएएमपी/44/2018-वीपीटी.**—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण, एतद्द्वारा विशाखापट्टनम पत्तन न्यास (वीपीटी) से अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारण दिशानिर्देश 2008 के अंतर्गत अधिशासित बीओटी प्रचालक की बर्थ संख्या डब्ल्यूक्यू-6 पर ग्राही अर्थात् मैसर्ज वेस्ट क्वे मल्टीपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यूक्यूएमपीएल) द्वारा प्रहस्त की जाने वाली अतिरिक्त 10 कार्गो मदों के लिए प्रहस्तन प्रभारों का अनुमोदन प्राप्त करने के प्रस्ताव का, इसके साथ संलग्न आदेश के अनुसार, निपटान करता है।

**महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण**
मामला संख्या. टीएएमपी/44/2018-वीपीटी

विशाखापट्टनम पत्तन न्यास ----- **आवेदक**

**गणपूर्ति**

(i). **श्री टी.एस.बालसुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)**

(ii). **श्री रजत सच्चर, सदस्य (आर्थिक)**

**आदेश**

**(अक्तूबर 2018 के 3सरे दिन पारित)**

यह मामला विशाखापट्टनम पत्तन न्यास (वीपीटी) के बर्थ संख्या डब्ल्यूक्यू-6 पर ग्राही अर्थात् मैसर्ज वेस्ट क्वे मल्टीपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यूक्यूएमपीएल) द्वारा प्रहस्त की जाने वाली अतिरिक्त 10 कार्गो मदों के लिए प्रहस्तन प्रभारों का अनुमोदन प्राप्त करने के 19 सितम्बर, 2017 के प्रस्ताव से संबंधित है।

1.2. पोत परिवहन, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमएसआरटीएच) ने अपने 12 फरवरी, 2008 के पत्र संख्या पीआर-14019/25/2007-पीजी के द्वारा महापत्तनों पर सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क नियतन हेतु दिशानिर्देशों की घोषणा की थी। महापत्तन न्यास अधिनियम 1963 की धारा 111 के अंतर्गत एमएसआरटीएच से प्राप्त निदेशों के अनुसरण में इस प्राधिकरण ने 28 फरवरी, 2008 को भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या टीएएमपी/52/2007-विविध के द्वारा अपफ्रंट प्रशुल्क नियतन दिशानिर्देश अधिसूचित किये।

2.1. उक्त दिशानिर्देशों के अनुपालन में, इस प्राधिकरण ने अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 के अंतर्गत वीपीटी स्थित बहुउद्देशीय कार्गो बर्थ संख्या डब्ल्यूक्यू-6 के लिए 12 फरवरी 2009 के आदेश संख्या टीएएमपी/39/2008-वीपीटी के द्वारा अपफ्रंट प्रशुल्क का अनुमोदन किया था। उक्त अपफ्रंट प्रशुल्क आदेश में प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 के अनुसरण में वीपीटी स्थित उक्त सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजना के लिए अपफ्रंट आधार पर बर्थ किराया प्रभार, प्रहस्तन प्रभार, भंडारण प्रभार और विविध प्रभारों के दरमानों का अनुमोदन किया था। अपफ्रंट प्रशुल्क आदेश वीपीटी द्वारा तत्समय दायर प्रस्ताव के आधार पर निम्निलखित मदों के लिए कार्गो प्रहस्तन के लिए था।

(i). सीपी कोक

(ii). एलएएम कोक

(iii). इस्पात

(iv). ग्रेनाइट ब्लॉक

2.2. उक्त आदेश 25 फरवरी, 2009 के भारत के राजपत्र में राजपत्र संख्या 26 में अधिसूचित हुआ था।

2.3. 12 फरवरी, 2009 के उक्त आदेश के पैरा 11.1 के अनुसार उक्त आदेश में अनुमोदित अपफ्रंट प्रशुल्क पोत परिवहन मंत्रालय दिशानिर्देशद्वारा जारी अपफ्रंट प्रशुल्क (एमओएस)2008 के खंड 2.8 के अनुरूप डब्ल्यूपीआई के 60% पर स्वतवार्षिक सूचकांकन के : अधीन है

3.1. बीपीटी के 12 फरवरी, 2009 के आदेश संख्या टीएएमपी/39/2008-वीपीटी के अंतर्गत डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित अपफ्रंट प्रशुल्कों के आधार पर बोलियां आमंत्रित कीं और डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ को विकास के लिए वेस्ट क्वे मल्टीपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यूक्यूएमपीएल) को सौंप दिया तथा उक्त सूचीबद्ध कार्गो के प्रहस्तन के लिए 30 वर्ष की अवधि हेतु वीपीटी पर डिजाइन, निर्माण, वित्तपोषण, प्रचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर डब्ल्यूक्यूएमपीएल के साथ 31 जुलाई, 2010 को एक रियायत करार पर हस्ताक्षर किये ।

3.2. उक्त आदेश के पैरा 11.2 के अनुसार, प्रचालन आरंभ करने से पूर्व, डब्ल्यूक्यूएमपीएल ने अपने नाम से दरमानों की अधिसूचना के लिए इस प्राधिकरण से संपर्क किया। तदनुसार, कार्गो की 4 मदों के प्रहस्तन के लिए 4 सितंबर 2015 के आदेश संख्या टीएएमपी/49/2015-वीपीटी द्वारा डब्ल्यूक्यूएमपीएल के नाम से दरमान अधिसूचित किये गए।

4.1. वीपीटी ने 19 सितंबर, 2017 को डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ पर ही डब्ल्यूक्यूएमपीएल द्वारा कार्गो की 10 अतिरिक्त निम्नलिखित मदों के प्रहस्तन के लिए प्रशुल्क के अनुमोदन का एक प्रस्ताव दायर किया:

(i). पेट कोक

(ii). ग्रेनुलेटिड ब्लॉस्ट फर्नेस स्लैग

(iii). बोरा बंद फ्लाई एश।

(iv). एग्रीगंटस इन बल्क

(v). बोल्डर्स

(vi). जिप्सम

(vii). चूनापत्थर

(viii). बाक्साइट

(ix). मैंगनीज अयस्क

(x). उर्वरक (तैयार और कच्ची सामग्री)

4.2. वीपीटी द्वारा 19 सितंबर, 2017 के अपने प्रस्ताव में उठाये गए मुद्दों का सारांश निम्नवत् है:-

(i). डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ काफी न्यून उपयोग हो रहा है और 0.52 एमटी की न्यूनतम गारंटी कार्गो (एमजीसी) भी पूरा नहीं हो पाता। वर्ष 2015-16 में बर्थ की आकूपैसी महज़ 28 दिन थी और 1.27 लाख टन की मात्रा ही प्रहस्त की गई। वर्ष 2016-17 में टर्मिनल आकूपेशन 63 दिन का था और 4.13 लाख टन प्रहस्तन किया गया था।

(ii). बर्थ के उपयोग में सुधार के लिए, रियायत करार के दायरे के भीतर सभी संभावनाओं का अन्वेषण किया गया है। बोली-पूर्व स्तर पर ही, संभावित बोली दाताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के प्रत्युत्तर में वीपीटी ने उत्तर दिया था कि दर्शाये कार्गो की अनुपलब्धता होने पर, जिसकी संभावना नहीं है, पत्तन, इस बर्थ पर प्रहस्तित किये जाने वाले अन्य कार्गो की अनुमति देगा, बशर्ते प्राधिकरण उसे अनुमोदित करे।

बोली पूर्व चरण में बोली दाताओं द्वारा उठाया गया प्रश्न और वीपीटी द्वारा दिया गया उत्तर, जो रियायत करार का एक भाग है, निमनवत् है:

| क्र.सं. | वीपीटी द्वारा बोली पूर्व बैठक के दौरान संभावित बोली कर्ताओं द्वारा संगत प्रश्न/ टिप्पणियां व सुझाव | उस पर वीपीटी की अभियुक्ति |
|---|---|---|
| 15 | क्या डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ अन्य कार्गो प्रहस्त कर सकती है (सीपी कोक, लैम कोक, इस्पात और ग्रेनाइट ब्लॉकों से इतर)। | दर्शाये कार्गो की अनुपलब्धता होने पर, जिसकी संभावना नहीं है, पत्तन, इस बर्थ पर प्रहस्तित किये जाने वाले अन्य कार्गो की अनुमति देगा, बशर्ते प्राधिकरण उसे अनुमोदित करे। |

(iii). फलस्वरूप, वीपीटी ने, वीपीटी के बोर्ड का अनुमोदन प्राप्त करने के पश्चात्, 8 नवंबर, 2016 के अपने पत्र के अंतर्गत ग्राही के अनुरोध पर अतिरिक्त कार्गो के प्रशुल्क निर्धारित का प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

(iv). प्राधिकरण ने अपने 13 दिसंबर, 2016 के अपने पत्र में बताया कि बोली-पश्च चरण में, उस कार्गो को छोड़कर जिसके लिए पहले से ही अपफ्रंट आधार पर प्रशुल्क नियत किया गया है। किसी अन्य कार्गो के अपफ्रंट प्रशुलक का संशोधन या कवर करने का कोई स्कोप नहीं है।

(v). ग्राही द्वारा जारी 31 मार्च, 2017 की परामर्श सूचना के परिणामस्वरूप वीपीटी ने 10 अप्रैल, 2017 को डब्ल्यूक्यूएमपीएल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, अन्य बातों के साथ-साथ, अतिरिक्त कार्गो के बोली-पूर्व संबंधी उत्तर के सही अर्थ और तात्पर्य के बारे में विधिक सलाह लेने और अतिरिक्त कार्गो की प्रशुल्क संबंधी अधिसूचना के लिए प्राधिकरण से संपर्क करने का निर्णय लिया गया।

(vi). तदनुसार, वीपीटी ने मामले को बाह्य कानूनी सलाह के लिए भेजा। विविध परामर्शदाता ने वीपीटी को सलाह दी कि:-

**"बोली पूर्व बैठक में स्पष्टीकरण की विद्यमानता, जो रियायत करार का अभिन्न अंग है, संकेत करता है कि प्राधिकरण को किया गया अनुरोध बोली-पश्च आशोधन के समान नहीं है और कानून के अनुसार इसमें शामिल संविदा पक्षों द्वारा आरंभ की गई एक न्यायसंगत वाणिज्यक कार्रवाई है।"**

[वीपीटी ने श्री पी श्रीराम, वीपीटी के स्थायी वकील के विधिक परामर्श की एक प्रति भी भेजी है।]

(vii). वीपीटी ने बताया है कि बोली दाताओं के पास प्राधिकरण द्वारा निर्धारित अपफ्रंट प्रशुल्क सहित बोली प्रतिमानों की पहले से जानकारी थी। संभावित बोली दाताओं द्वारा आरएफपी चरण में, उठाये गए सभी प्रश्नों के उत्तर भी दिये गए। इसलिए, अतिरिक्त कार्गो पर विचार करना बाली पश्न नहीं समझा जाना चाहिए।

(viii). डब्ल्यूक्यूएमपीएल ने अपने 5 जुलाई 2017 के पत्र के द्वारा वीपीटी को अपील की कि वह अतिरिक्त कार्गो के प्रशुल्क निर्धारण के लिए प्राधिकरण से अनुरोध करे।

(ix). डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ के अत्यधिक न्यून उपयोग को और मैसर्ज डब्ल्यूक्यूएमपीएल द्वारा किये गए अनुरोध को ध्यान में रखकर, वीपीटी ने नॉन-एक्सक्लुसिव आधार पर अतिरिक्त कार्गो प्रहस्त करने के लिए डब्ल्यूक्यूएमपीएल की अपील पर विचार करने का प्रस्ताव किया। **यदि नामित/निर्दिष्ट कार्गो भविष्य में बढ़ जाता है और टर्मिनल अपनी संकल्पित क्षमता प्राप्त कर लेता है तो डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ पर अतिरिक्त कार्गो प्रहस्तित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी**।

(x). पत्तन ने उसी स्तर पर डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ की पुन: मूल्यांकित क्षमता अर्थात् 2087435 टन (20.87 लाख टन, फरवरी 2009 के आदेश में यथा मूल्यांकित) बतायी है। 12 फरवरी 2009 के आदेश में निर्धारित क्षमता और वीपीटी द्वारा अनुमत अतिरिक्त कार्गो को जोड़े जाने के पश्चात् पुन: मूल्यांकित क्षमता, जिसे डब्ल्यूकयूएमपीएल प्रहस्त करेगा, निम्नवत है:

क. प्राधिकरण के 12 फरवरी, 2009 के आदेश संख्या टीएएमपी/39/2008-वीपीटी में यथानिर्धारित डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ की क्षमता।

| कार्गो | % हिस्सा | प्रहस्तन दर (टन/दिन) |
|---|---|---|
| शुल्क बल्क कार्गो: | | |
| (i). सीपी कोक | 36% (एस1) | 10000 (पी1) |
| (ii). लैम कोक | 36% (एस2) | 10000 (पी2) |
| ब्रेक बल्क कार्गो: | | |
| (i). इस्पात | 18% (एस3) | 4000 (पी3) |
| (ii). ग्रेनाइट ब्लॉक | 10% (एस4) | 2500 (पी4) |

इष्टतम क्षमता टन में = 0.7*((एस1*पी1)+(एस2*पी2)+(एस3*पी3)+(एस4*पी4))*365
=0.7*{(36%*10000)+(36%*10000)+(18%*4000)+(10%*2500)}*365=2,087,435

ख. रोमन नंबरों में दी गई 10 अतिरिक्त कार्गो मदों पर वर्तमान प्रस्ताव में सुविचार के पश्चात् वीपीटी द्वारा पुन: मूल्यांकित क्षमता

| कार्गो | % हिस्सा | प्रहस्तन दर (टन/दिन) |
|---|---|---|
| शुष्क बल्क कार्गो:<br>1 सीपी कोक,<br>2. लैम कोक<br>और अतिरिक्त कार्गो अर्थात् (i).पेट कोक<br>(ii). ग्रेनुलेटिड ब्लॉस्ट फर्नेस स्लैग, (iii). एग्रीगंटस इन बल्क, (iv). बोल्डर्स, (v). जिप्सम, (vi). चूनापत्थर, (vii). बाक्साइट, (viii). मैंगनीज अयस्क, (ix) उर्वरक (तैयार और कच्ची सामग्री) | 72%<br>(एस1) | 10000<br>(पी1) |
| ब्रेक बल्क कार्गो:<br>3. इस्पात<br>अतिरिक्त कार्गो अर्थात् . (x) फ्लाई एश बैग | 18%<br>(एस2) | 4000 (पी2) |
| 4. ग्रेनाइट ब्लॉक | 10%<br>(एस3) | 2500 (पी3) |

इष्टतम क्षमता टन में = 0.7*((एस1*पी1)+(एस2*पी2)+(एस3*पी3))*365
= 0.7*{(72%*10000)+(18%*4000)+(10%*2500)}*365 = 2087435

प्रहस्तन के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त कार्गो मदों अर्थात् पेट कोक, ग्रेनुलेटिड ब्लॉस्ट फर्नेस स्लैग, एग्रीगंटस इन बल्क, बोल्डर्स, जिप्सम, चूनापत्थर, बाक्साइट, मैंगनीज अयस्क, उर्वरक (तैयार और कच्ची सामग्री) को बर्थ की उपयोगिता में सुधार लाने और परियोजना को व्यवहार्य बनाने के उद्देश्य से, नॉन-एक्सक्लूसिव आधार पर अनुमत किया गया है।

महापत्तन न्यास स्थित पीपीपी परियोजनाओं के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 के अनुलग्नक-V में निर्दिष्ट उत्पादन दर को ध्यान में रखते हुए सभी शुष्क बल्क कार्गो को एक श्रेणी में रखा गया है और फ्लाई एश बैगों को स्टील के साथ जोड़ा गया है।

(xi). वीपीटी ने प्रहस्तन कार्यकलाप से कुल आकलित एआरआर को फरवरी, 2009 के आदेश के अनुसार ही 2570.50 लाख रुपए ही बनाए रखा है। पत्तन ने उसी आकलित एआरआर के लिए फरवरी 2009 आदेश में अपनायी गई प्रणाली का अनुपालन करते हुए 10 अतिरिक्त कार्गो को जोड़ते हुए प्रहस्तन दरों की गणना भी प्रस्तुत की है।

(xii). 10 अतिरिक्त कार्गो मदों पर सुविचार करते हुए वीपीटी द्वारा प्रस्तावित संशोधित प्रहस्तन प्रभार इस प्रकार है:

| क्र.सं. | वस्तु | इकाई | दर रुपये में | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विदेशी | तटीय |
| (क). | सीपी कोक, एलएएम कोक | प्रति मीट्रिक टन | 78.50 | 47.10 |
| (ख). | अतिरिक्त कार्गो अर्थात्, | | | |
| (i). | पेट कोक, | | | |
| (ii). | ग्रेनुलेटिड ब्लॉस्ट फर्नेस स्लैग, एग्रीगंटस | | | |
| (iii). | इन बल्क, | | | |
| (iv). | बोल्डर्स, | | | |
| (v). | जिप्सम, | | | |
| (vi). | चूनापत्थर, | | | |
| (vii). | बाक्साइट, | | | |
| (viii). | मैंगनीज अयस्क, | | | |
| (ix). | उर्वरक (तैयार और कच्ची सामग्री) | | | |
| (ग). | अतिरिक्त शुष्क बल्क कार्गो | प्रति मीट्रिक टन | 202.30 | 121.40 |
| (i). | अर्थात् फ्लाई एश बैग | | | |
| (घ). | ग्रेनाइट | प्रति मीट्रिक टन | 312.55 | 187.55 |

(xiii). वीपीटी ने बताया है कि डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ के लिए अधिसूचित भंडारण प्रभारों पर पुनर्विचार जरूरी हो जाता है क्योंकि अपनायी गई प्रणाली वीपीटी की दो अन्य परियोजनाओं से अर्थात् विज़ाग ज़नरल कार्गो बर्थ (वीजीसीबी) और पत्तन पर ईक्यू-1 के लिए निकाले गए अपफ्रंट प्रशुल्क भिन्न है, जिसके परिणामस्वरूप डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ की अधिसूचित दरें अधिक हैं। एक ही पत्तन के भीतर अन्य टर्मिनलों की तुलना में डब्ल्यूकयू-6 के भंडारण प्रभार अधिक होना अनुचित पाया गया जो प्रासमिक प्रशुल्क के बुनियादी सिद्धांत के विफल तो करता ही है साथ ही टर्मिनल को आद्योपांत प्रभावित करता है।

डब्ल्यूक्यू-6 के लिए अपनायी गई प्रणाली इस प्रकार है:-

<u>प्रतिमान</u>:

क्षमता : 2.08 एमटीपीए, निशुल्क अवधि : आयात : 5 दिन, निर्यात : 15 दिन

भंडारण के लिए संकल्पित कार्गो: 30%

परिकलन:

भंडारण आकर्षित करने वाले कार्गो की मात्रा=2.08 एमटी * 30%=6.24 लाख टन

भंडारण से आकलित एआरआर= ₹ 54 लाख रुपए

भंडारण प्रभार= ₹ 54/ 6.24 = ₹8.60

टिप्पणी:

(क). 8.60 रुपए की उक्त दर की व्याख्या नि:शुल्क अवधि के पश्चात् पहले सप्ताह के लिए दर प्रति दिन प्रति टन के रूप में की गई है।

(ख). तथापि, चूंकि दर प्रथम सप्ताह के लिए है, इसे नि:शुल्क अवधि के पश्चात् प्रथम सप्ताह के लिए 8.60/7 = ₹ 1.23 रुपए प्रति टन प्रति दिन माना जाना चाहिए। वीजीसीबी और ईक्यू-1 बर्थों के लिए इसी प्रकार की गणना की गई है।

इसलिए वीपीटी को उक्त के अनुसार डब्ल्यूक्यू-6 के संबंध में भंडारण प्रभारों की समीक्षा करने का अनुरोध किया गया और भंडारण प्रभारों की निम्नलिखित दरें अधिसूचित करे:

भंडारण प्रभार:

नि:शुल्क अवधि

निर्यात : 15 दिन

आयात : 5 दिन

| क्र.सं. | अवधि | प्रति टन प्रति दिन या उसका भाग (रु. में) |
|---|---|---|
| 1. | नि:शुल्क अवधि के पश्चात् प्रथम सप्ताह | 1.23 |
| 2. | नि:शुल्क अवधि के पश्चात् दूसरा सप्ताह | 2.46 |
| 3. | दूसरे सप्ताह के पश्चात् | 4.92 |

(xiv). वीपीटी ने बताया है कि इस मामले को बोर्ड की आगामी बैठक में विचारार्थ रखा जायेगा। प्राधिकरण से अनुरोध है कि वह डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ पर प्रहस्तित किये जाने वाले अतिरिक्त कार्गो के लिए नॉन-एक्सक्लूसिव आधार पर प्रशुल्क को अधिसूचित करे।

5. उक्त स्थिति बताते हुए, वीपीटी ने डब्ल्यूकयू-6 बर्थ पर नॉन- एक्सक्लूसिव आधार पर प्रहस्तित किये जाने वाले अतिरिक्त कार्गो के लिए प्रहस्तित प्रभारों के लिए प्रहस्तन प्रभारों और भंडारण प्रभारों के निर्धारण का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। वीपीटी ने आगे और बताया है कि उसने प्रस्ताव बनाते समय प्राधिकरण द्वारा सुविचारित प्रतिमानों का कठोरता से अनुपालन किया है अर्थात् (i) टर्मिनल की 20.87 लाख टन की इष्टतम क्षमता फरवरी, 2009 के आदेश में याथा आकलित (ii) प्रहस्तन प्रभारों के प्रति राजस्व अपेक्षा का 2570.59 लाख रुपए का आकलन फरवरी, 2009 के आदेश में याथा आकलित और (iii) भंडारण प्रभारों के प्रति राजस्व अपेक्षा उक्त् आदेश में याथा आकलित। वीपीटी ने यह भी निवेदन किया है कि अतिरिक्त 10 कार्गो मदों के प्रशुल्क की अधिसूचना से डब्ल्यूकयू-6 बर्थ का इष्टतम उपयोग हो सकेगा, पत्तन के कार्गो और राजस्व में आद्योपांत वृद्धि होगी।

6.1. संक्षेप में, इस प्राधिकरण द्वारा अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 के अनुपालन में वीपीटी द्वारा दायर प्रस्ताव के आधार पर, 12 फरवरी, 2009 के प्रशुल्क आदेश में चार कार्गो मदों के लिए अनुमोदित प्रहस्तन प्रभारों और 19 सितम्बर, 2017 के प्रस्ताव में वीपीटी द्वारा अब प्रस्तावित प्रहस्तन प्रभारों, 10 अतिरिक्त कार्गो मदों के प्रहस्तन प्रभारों सहित, को तुलना के लिए नीचे सारणीबद्ध किया जाता है:-

| **12 फरवरी 2009 के प्रशुल्क आदेश के अनुसार** | | | | | **वीपीटी के 19 सितंबर 2017 के प्रस्ताव के अनुसार** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **इष्टतम क्षमता :** 20.87 लाख टन | | | | | **इष्टतम क्षमता :** 20.87 लाख टन | | | | |
| **प्रहस्तन कार्यकलाप से वार्षिक राजस्व प्रतिफल :** ₹ 2570.59 लाख रुपए | | | | | **प्रहस्तन कार्यकलाप से वार्षिक राजस्व प्रतिफल :** ₹ 2570.59 लाख रुपए | | | | |
| **अनुसूची-3 दरमानों में कार्गो प्रहस्तन प्रभार** | | | | | **अनुसूची-3 दरमानों में कार्गो प्रहस्तन प्रभार** | | | | |
| क्र.सं. | वस्तु | इकाई | दर रुपए में | | क्र.सं. | वस्तु | इकाई | दर रुपए में | |
| | | | विदेशी | तटीय | | | | विदेशी | तटीय |
| (क). | सीपी कोक | प्रति मीट्रिक टन | 78.50 | 47.10 | (क). | सीपी कोक , लैम कोक. | प्रति मीट्रिक टन | 78.50 | 47.10 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (ख). | लैम कोक | प्रति मीट्रिक टन | 78.50 | 47.10 | (ख).<br>(i).<br>(ii).<br>(iii).<br>(iv).<br>(v).<br>(vi).<br>(vii).<br>(viii).<br>(ix). | अतिरिक्त कार्गो अर्थात् पेट कोक,<br>ग्रेनुलेटिड ब्लॉस्ट फर्नेस स्लैग,<br>एग्रीगंटस इन बल्क,<br>बोल्डर्स,<br>जिप्सम,<br>चूनापत्थर,<br>बाक्साइट,<br>मैंगनीज अयस्क,<br>उर्वरक (तैयार और कच्ची सामग्री) | | | |
| (ग). | इस्पात | प्रति मीट्रिक टन | 202.30 | 121.40 | (ग).<br>(i). | इस्पात व अतिरिक्त कार्गो अर्थात् फ्लाई एश बैग | प्रति मीट्रिक टन | 202.30 | 121.40 |
| (घ). | ग्रेनाइट ब्लॉक | प्रति मीट्रिक टन | 312.55 | 187.55 | (घ). | ग्रेनाइट | प्रति मीट्रिक टन | 312.55 | 187.55 |

जैसा ऊपर से देखा जा सकता है, डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ की प्रहस्तन प्रभारों से इष्टतम क्षमता, वार्षिक राजस्व अपेक्षा और कार्गो मदों का प्रशुल्क बनाये रखा गया है। तथापि, वीपीटी ने 19 सितंबर 2017 के प्रस्ताव में कार्गो मदों को बढ़ा दिया है।

6.2. जैसा पहले बताया गया है, प्रचालन आरंभ करने से पूर्व, डब्ल्यूक्यूएमपीएल ने दरमानों की अपने नाम से अधिसूचना के लिए इस प्राधिकरण से संपर्क किया था। तदनुसार, दरमान डब्ल्यूक्यूएमपीएल के नाम से 4 सितंबर, 2015 के आदेश संख्या टीएएमपी/49/2015-वीपीटी के द्वारा सूचकांकन कारक को कैप्चर करते हुए अधिसूचित किये गए थे और 4 सितंबर 2015 के आदेश संख्या टीएएमपी/49/2015-वीपीटी में डब्ल्यूक्यूएमपीएल के नाम में अधिसूचित सूचकांकित दरमानों में 4 कार्गो मदों के लिए निर्धारित प्रहस्तन प्रभार इस प्रकार हैं:

**अनुसूची - 3 कार्गो प्रहस्तन प्रभार**

| क्र.सं. | वस्तु | इकाई | दर रुपए में | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विदेशी | तटीय |
| (क). | सीपी कोक | प्रति मीट्रिक टन | 106.04 | 63.62 |
| (ख). | लैम कोक | प्रति मीट्रिक टन | 106.04 | 63.62 |
| (ग). | इस्पात | प्रति मीट्रिक टन | 273.27 | 163.96 |
| (घ). | ग्रेनाइट ब्लॉक | प्रति मीट्रिक टन | 422.19 | 253.32 |

टिप्पणियां: ऊपर प्रहस्तन प्रभार (i) नौभरण और भंडारण के बिंदु तक उसके स्थानांतरण सहित पोत से कार्गो की उतराई, 5 दिनों की नि:शुल्क अवधि तक स्टेकयार्ड में भंडारण और आघात कार्गो के मामले में ट्रकों पर लदाई और (ii) स्टेकयार्ड पर ट्रकों से कार्गो की उतराई 15 दिनों की अवधि तक स्टेकयार्ड में भंडारण, लदाई बिंदु पर कार्गो स्थानांतरण और नौभरण सहित जलयान पर लदाई के लिए एक समेकित प्रभार है। इन समेकित प्रभार में घाटशुल्क ओर श्रम का आपूर्ति जहां जरूरी हो, और दरमानों के विशिष्ट रूप से निर्धारित किए गए सभी अन्य विविध प्रभार शामिल है।

7.1. वीपीटी ने भंडारण प्रभारों की समीक्षा का प्रस्ताव भी किया है। 12 फरवरी, 2009 के अपफ्रंट प्रशुल्क आदेश में अनुमोदित भंडारण प्रभार और 19 सितंबर, 2017 के प्रस्ताव में प्रस्तावित संशोधित भंडारण प्रभारों की तुलना के लिए के लिए नीचे सारणीबद्ध किया जाता है:-

<table>
<tr><th colspan="3">12 फरवरी 2009 के प्रशुल्क आदेश के अनुसार भंडारण प्रभार</th><th colspan="3">19 सितंबर, 2017 के वीपीटी के प्रस्ताव के अनुसार भंडारण प्रभार</th></tr>
<tr><td rowspan="3">(क).</td><td colspan="2">नि:शुल्क अवधि:</td><td rowspan="3">(क).</td><td colspan="2">नि:शुल्क अवधि:</td></tr>
<tr><td>आयात कार्गो</td><td>5 दिन नि:शुल्क</td><td>निर्यात कार्गो</td><td>15 दिन</td></tr>
<tr><td>निर्यात कार्गो</td><td>15 दिन नि:शुल्क</td><td>आयात कार्गो</td><td>5 दिन</td></tr>
<tr><td rowspan="4">(ख).</td><td colspan="2">नि:शुल्क अधिक के पश्चात् भंडारण प्रभार (प्रति टन/प्रति दिन)</td><td rowspan="4">(ख).</td><td colspan="2">नि:शुल्क अधिक के पश्चात् भंडारण प्रभार (प्रति टन/प्रति दिन)</td></tr>
<tr><td>विवरण</td><td>दर रुपए में प्रति टन/ प्रति दिन</td><td>विवरण</td><td>दर रुपए में प्रति टन/ प्रति दिन</td></tr>
<tr><td>नि:शुल्क अवधि के पश्चात् प्रथम सप्ताह</td><td>8.60 रुपए</td><td>नि:शुल्क अवधि के पश्चात् प्रथम सप्ताह</td><td>1.23</td></tr>
<tr><td>नि:शुल्क अवधि के पश्चात् दूसरा सप्ताह</td><td>12.90 रुपए</td><td>नि:शुल्क अवधि के पश्चात् दूसरा सप्ताह</td><td>2.46</td></tr>
<tr><td></td><td>दूसरे सप्ताह के पश्चात्</td><td>17.20 रुपए</td><td></td><td>दूसरे सप्ताह के पश्चात्</td><td>4.92</td></tr>
</table>

7.2. जहां तक भंडारण प्रभारों में प्रस्तावित आशोधनों का संबंध है, जैसा ऊपर सारणी में बताया गया है, यहां यह उल्लेख करना सभीचीन होगा कि, डब्ल्यूक्यूएमपीएल ने 12 फरवरी 2009 के अपफ्रंट प्रशुल्क आदेश में निर्धारित भंडारण प्रभारों (बर्थ किराया प्रभारों के अतिरिक्त) को तेलंगाना राज्य और आंध्रप्रदेश राज्य के माननीय हैदराबाद उच्च न्यायालय के समक्ष इस आधार पर चुनौती दी कि प्राधिकरण ने डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ के लिए वीपीटी हेतु निर्धारित कम प्रभारों की तुलना में गलती से अधिक भंडारण प्रभार निर्धारित किये हैं और 2017 की रिट याचिका संख्या 28595 में माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष भंडारण प्रभारों (और बर्थ किराया प्रभारों) को रद्द करने का तथा प्राधिकरण को नए भंडारण प्रभार (और बर्थ किराया प्रभार) प्रशुल्क निर्धारण करने का निदेश देने का अनुरोध किया है।

7.3. माननीय उच्च न्यायालय ने अपने 14 दिसंबर 2017 के आदेश में इस प्राधिकरण को याचिकाकर्ता अर्थात् डब्ल्यूक्यूएमपीएल तथा वीपीटी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् सुविचार करने का निदेश देते हुए डब्ल्यूक्यूएमपीएल के 16 जून 2017 तथा 30 जून 2017 के अभ्यावेदनों का निपटान कर दिया।

7.4. 2017 की रिट याचिका संख्या 28595 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में, इस प्राधिकरण ने 18 मई, 2018 को आदेश संख्या टीएएमपी/85/2017-वीपीटी पारित कर डब्ल्यूक्यूएमपीएल के 16 जून, 2017 और 30 जून 2017 के अभ्यावेदनों का निपटान, डब्ल्यूक्यूएमपीएल और वीपीटी को सुनवाई का अवसर दिये जाने के पश्चात् किया।

7.5. उक्त आदेश भारत के राजपत्र में 12 जून, 2018 को राजपत्र 226 में अधिसूचित किया गया। प्राधिकरण ने वीपीटी और डब्ल्यूक्यूएमपीएल को उक्त आदेश संबंधी जानकारी दी। हमने अपने अभिलेख अधिवक्ता को भी स्थिति सूचित की तथा अनुरोध किया कि वह तेलंगाना और आंद्र प्रदेश राज्य के हैदराबाद स्थित उच्च न्यायालय को स्थिति से अवगत करायें।.

7.6. इस प्राधिकरण द्वारा 18 मई, 2018 को पारित उक्त आदेश में प्राधिकरण ने भंडारण प्रभारों का निम्नवत् संशोधन किया:

(i). अनुसूची 4-ख- भंडारण प्रभार प्रति टन/ दिन के अंतर्गत 12 फरवरी 2009 के आदेश संख्या टीएएमपी/ 39/2018-वीपीटी में बहुउद्देशीय बर्थ की अपफ्रंट प्रशुल्क अनुसूची में अनुमोदित भंडारण प्रभार निम्नवत् संशोधित किये जाते हैं:

| विवरण | दर रुपए में प्रति टन/प्रति दिर |
|---|---|
| नि:शुल्क अवधि के पश्चात् प्रथम सप्ताह | ₹ 1.24 |
| नि:शुल्क अवधि के पश्चात् दूसरा सप्ताह | ₹ 1.86 |
| दूसरे सप्ताह के पश्चात् | ₹ 2.48 |

(ii). डब्ल्यूक्यूएमपीएल के नाम में 4 सितंबर, 2015 के आदेश संख्या टीएएमपी/49/2015-वीपीटी में अधिसूचित दरमानों में अनुसूची संख्या 4 ख- भंडारण प्रभार प्रति टन प्रति दिन के अंतर्गत भंडारण प्रभार निम्नवत् आशोधित किये जाते है:

| विवरण | दर रुपए में प्रति टन/प्रति दिर |
|---|---|
| नि:शुल्क अवधि के पश्चात् प्रथम सप्ताह | ₹ 1.67 |
| नि:शुल्क अवधि के पश्चात् दूसरा सप्ताह | ₹ 2.51 |
| दूसरे सप्ताह के पश्चात् | ₹ 3.34 |

7.7. संक्षेप मे, वीपीटी के प्रस्ताव की )i) 10 अतिरिक्त मदों को शामिल करने में संशोधित प्रहस्तन प्रभार और )ii) भंडारण प्रभारों की समीक्षा की दो मदों में से प्रस्ताव के दूसरे भाग का निपटान डब्ल्यूक्यूएमपीएल द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका संख्या 2017 की 28595 में पारित आदेश के अनुपालन में 18 मई, 2018 के आदेश संख्या टीएएमपी/85/2017-वीपीटी के द्वारा पहले ही कर दिया गया है।

7.8. इस प्रकार, इस प्राधिकरण के समक्ष पहले के पैराओं में चर्चा किये गए अनुसार अतिरिक्त 10 कार्गो मदों के प्रहस्तन प्रभार के अनुमोदन तक सीमित है।

8.1. अपफ्रंट प्रशुल्क निर्धारित दिशानिर्देश 2008 बोली पश्च परिदृश्य में, परियोजना के चलते हुए अपफ्रंट प्रशुल्क की समीक्षा का अधिकार नहीं देते हैं। चूंकि परियोजना के चलते रहने के दौरान प्रशुल्क अथवा कार्गो प्रोफाइल की समीक्षा के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 में समीक्षा खंड के अभव में, और डब्ल्यूक्यूएमपीएल को नॉन-एक्सक्लूसिव आधार पर, कार्गो की 10 अतिरिक्त मदों को प्रहस्त करने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया है और चार कार्गो मदों के लिए इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरों पर प्रशुल्क की उगाही करने तथा भविष्य में इन नामित/निर्दिष्ट चार कार्गो मदों के बढ़ जाने पर टर्मिनल के संकल्पित क्षमता तक पहुंचने पर अनुमति को वापस लेने का प्रस्ताव किया है, हमने 1 नवंबर 2017 के अपने पत्र के द्वारा पोत परिवहन मंत्रालय को मामले का परीक्षण करके हमें वीपीटी के प्रस्ताव पर सुविचार करने संबंधी निर्देश देने का अनुरोध किया।

8.2. वीपीटी ने भी अपने 4 दिसंबर 2017 के ई-मेल द्वारा एमओएस को वीपीटी के 19 सितंबर, 2019 के प्रस्ताव में प्रस्तावित अतिरिक्त कार्गो मदों के लिए प्रशुल्क अधिसूचिना जारी करने के लिए इस प्राधिकरण को निदेश देने का अनुरोध किया।

8.3. इस संबंध में, एमओएस ने 21 मई 2018 के अपने पत्र संख्या आईडब्ल्यूटी-11/33/2018-डीडी(डीडब्ल्यू) के द्वारा इस प्राधिकरण को निम्नलिखित स्पष्टीकरण दिया:

*" वीपीटी द्वारा बोली-पूर्व बैठक में प्रदान किया गया स्पष्टीकरण रियायत करार का अभिन्न अंग हैं और अतिरिक्त कार्गो के लिए दरों का निर्धारण रियायत करार का। इसलिए, प्राधिकरण की टिप्पणी कि यह बोली-पश्च संशोधन है, सारभूत नहीं है। तदनुसार, प्राधिकरण से वीपीटी के प्रस्ताव पर बोली पूर्व बैठक में दिये गए स्पष्टीकरण और रियायत करार के अनुसार आगामी आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है।"*

9.1. वीपीटी ने अपने 23 अगस्त, 2016 के पत्र संख्या आईआरएनपी/एसटीडीएस/पीपीपी- जीएल/2016/113 के द्वारा 31 जुलाई 2016 को वीपीटी और डब्ल्यूक्यूएमपीएल के बीच हुए रियायत करार की एक प्रति भेजी थी। उक्त लाइसेंस करार के अनुच्छेद- 1 के अंतर्गत खंड 1.3 – व्याख्या से संबंधित उद्धरण नीचे पुनरूद्धरित किया जा रहा है:-

"1.3. व्याख्या

***" यह करार परियोजना के संबंध में पक्षों के बीच पूर्ण समझदारी का गठन करता है, और परियोजना के बारे में पूर्व के सभी लिखित और/अथवा मौखिक अभ्यावेदनों और/अथवा व्यवस्थाओं का अधिक्रमण करता है। यदि परियोजना का कोई पहलू इस करार के किन्हीं उपबंधों के अंतर्गत नहीं आता तो, केवल उसी स्थिति में, पक्षों द्वारा रियायत प्राधिकारी द्वारा जारी बोली दस्तावेज़ों अन्य के साथ-साथ आरएफपी और आरएफक्यू दस्तावेज़ों सहित और अनुशेषों, बोलीपूर्व बैठक में दिये गए लिखित स्पष्टीकरणों और ग्राही द्वारा किये गए निवेदनों और ग्राही द्वारा प्रस्तुत बोली दस्तावेज़ों का संदर्भ लिया जायेगा परंतु अन्यथा नहीं। इस करार के निबंधनों के बारे में और ऐसे अन्य बोली दस्तावेज़ों में परस्पर विरोध होने पर यथोपरि, इस करार के अनुबंध अभिभावी होंगे।"***

9.2. यहां यह जान लेना उचित होगा कि रियायत करार के उक्त खंड में वीपीटी द्वारा मंगवाये गए बोली दस्तावेज़ और वीपीटी द्वारा जारी बोली दस्तावेज़ों को अनुरोध और संशोधन और अन्य मदों में वीपीटी द्वारा अल्पसूचीबद्ध किये गए बोलीदाताओं के प्रश्नों पर दिये गए स्पष्टीकरण देते हुए कथन अल्प सूचीबद्ध बोलीदाताओं को वीपीटी द्वारा 19/20 अक्तूबर 2009 को जारी पत्र संख्या आईईएनजी/ई-ई/परियोजनाएं/डब्ल्यूक्यू-6/भाग-VIII/262 की प्रति भी शामिल है। संभावित बोलीदाताओं द्वारा उठाये गए प्रश्न और वीपीओ के 19/20 अक्तूबर 2009 के पत्र के कथित विवरण में संभावित बोलीदाता एबीजी इंफ्रालॉजिस्टिक्स लिमिटेड एट बी कमर्शियल क्रम संख्या 15 को वीपीटी द्वारा जारी स्पष्टीकरण नीचे पुनरुद्धरित किया जा रहा है:-

वाणिज्यक:

| क्र.सं. | पृष्ठ संख्या | खंड संख्या | खंड की विषय वस्तु | संगत कारणों/अभियुक्तियों के साथ प्रश्न/टिप्पणियां/ तथा सुझाव | वीपीटी की अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | | | | क्या डब्लयू क्यू-6 बर्थ अन्य कार्गो भी प्रहस्त कर सकेगा (सीपी कोक, लैम कोक, इस्पात और ग्रेनाइट ब्लॉक के अतिरिक्त) | संकेतित कार्गो की अनुपलब्धता होने पर जिसकी संभावना नहीं है, पत्तन अन्य कार्गो की अनुमति प्राधिकरण के अनुमोदन के अधीन देगा, जिसे इस बर्थ पर प्रहस्त किया जा सकेगा। |

**10.** **21** मई**, 2018** के फैक्स से प्राप्त एमओएस से प्राप्त स्पष्टीकरण को देखते हुए**,** जैसा पहले के पैराओं में चर्चा की गई है**,** मामले के संसाधन पर सुविचार किया जाता है।

11.1. निर्धारित परामर्शी प्रक्रिया के अनुसार, वीपीटी के 19 सितम्बर, 2017 के प्रस्ताव की एक प्रति डब्ल्यूक्यूएमपीएल और प्रयोक्ताओं/संभावित प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता निकायों (जैसा फाइल संख्या टीएएमपी/39/2008-वीपीटी में परामर्श किया गया था) को उनकी टिप्पणियां प्राप्त करने के लिए परिचालित की गई थी। हमे केवल मैसर्ज के रामब्रहमन एंड संस प्राइवेट लिमिटेड से ही टिप्पणियां प्राप्त हुईं जिसे फीडबैक सूचना के रूप में वीपीटी को भेजा गया। वीपीटी ने 14 जून, 2018 के ई-मेज द्वारा उत्तर दिया।

**11.2.** **18** जून**, 2018** को वीपीटी के परिसर में मामले की संयुक्त सुनवाई हुई। संयुक्त सुनवाई में**,** वीपीटी और संबंधित प्रयोक्ताओं/प्रयोक्ता संगठनों ने अपने-अपने निवेदन रखे।

12.1. जैसा संयुक्त सुनवाई में सहमति बनी विजाग सीपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वीएसपीएल) ने 20 जून, 2018 के पत्र के द्वारा अपनी टिप्पणियां भेजीं।

12.2. संयुक्त सुनवाई में सहमति के अनुसार, वीपीटी के हमारे 26 जून, 2018 और 11 जुलाई, 2018 के अनुस्मारक पर निम्नलिखित मुद्दों पर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया:

(i) 10 अतिरिक्त कार्गो मदों की प्रहस्तन दर के अनुमोदन संबंधी बोर्ड के संकल्प की प्रति भेजें, जैसे संयुक्त सुनवाई में वीपीटी ने स्वीकार किया है।

(ii) जैसा संयुक्त सुनवाई में स्वीकार किया गया था, वीएसपीएल ने 20 जून, 2018 को विषयक प्रस्ताव पर अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत की। वीएसपीएल से प्राप्त टिप्पणियों की एक प्रति वीपीटी को उस पर पैरा-वार टिप्पणी के लिए भेजी गई।

13. ऊपर कार्रवाई बिंदु 12.2 (ii) के संदर्भ में वीपीटी ने 23 अगस्त, 2013 के अपने ई-मेल के द्वारा वीएसपीएल की टिप्पणियों का उत्तर भेजा।

14.1. इसके अतिरिक्त, इंडियन प्राइवेट पोर्टस एंड टर्मिनल एसोसिएशन (आईपीपीटीए), निजी टर्मिनल प्रचालकों का एक छत्र संगठन, ने वीपीटी द्वारा दायर विषयक प्रस्ताव पर अपनी टिप्पणियां 27 जून, 2018 के पत्र के द्वारा भेजी। आईपीपीटीए के 27 जून, 2018 के पत्र की प्रति वीपीटी को इस अनुरोध के साथ भेजी कि आईपीपीटीए द्वारा उठाये गए बिंदुओं पर मुद्दा-वार टिप्पणियां भेजीं।

14.2. प्रत्युत्तर में, वीपीटी ने अपने 23 अगस्त, 2018 के ई-मेल द्वारा अपनी टिप्पणियां भेजी/ आईपीपीटीए ने वीएसपीएल द्वारा 20 जून, 2018 को उठाये गए मुद्दों को ही दोहराया है। वीपीटी ने भी आईपीपीटीए की टिप्पणियों पर अपनी टिप्पणियां भेजते समय अपने 23 अगस्त, 2018 को वीएसपीएल की टिप्पणियों पर दिये गए उत्तर को दोहरा भर दिया है।

15.1. ऊपर कार्रवाई बिंदु संख्या 12.2 (i) के कार्रवाई बिंदु के संदर्भ में, वीपीटी ने 28 अगस्त, 2018 के अपने ई-मेल के द्वारा वीपीटी के न्यासी मंडल द्वारा 10 अतिरिक्त कार्गो मदों के डब्ल्यूक्यूएमपीएल द्वारा प्रहस्तन के अनुमोदन संबंधी बोर्ड का संकल्प भेजा है। वीपीटी के न्यासी मंडल के अनुमोदन के विषयक प्रस्ताव के संदर्भ में संगत भाग, को नीचे पुनरूद्धरित किया जा रहा है:—

(i) न्यासियों के वीपीटी बोर्ड की दिनांक 06 नवंबर, 2015 को हुई बैठक में संकल्प संख्या 180/2015-16 के तहत निम्नलिखित को अनुमोदित किया गया:

(क) डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ पर पैट कोक प्रहस्तन की भी अनुमति दी जाए और पैट कोक पर प्रभार अंतरिम रूप से लैम कोक समान ही चार्ड किये जाएं और ग्राही मैसर्ज वेस्ट क्वे मल्टीपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड से प्रस्ताव प्राप्त होने पर प्रशुल्क निर्धारित का प्रस्ताव प्राधिकरण को भेजा जाए।

(ख) पैट कोक सहित डब्ल्यूक्यू-6 के निर्दिष्ट कार्गो के साथ गियर रहित पोतों का प्रहस्तन वीपीटी के पत्तनों पर एक्सक्लूसिव अवधि के दौरान ताकि वर्तमान सुविधाओं का इष्टतम प्रयोग हो सके।

(ii) वीपीटी के न्यासी मंडल ने 17 जून, 2016 की अपनी बैठक में संकल्प संख्या 50/2016-17 के द्वारा निम्नलिखित अनुमोदन किया:

(क) शुष्क बल्क कार्गो अर्थात् ग्रेनुलेटड ब्लॉस्ट फर्नेस स्लैग, बोरा बंद फ्लाई एश, एग्रीगेट्स इस बल्क तथा बोल्डर्स के प्रहस्तन पर सुविचार किया जाये जैसा कि डब्ल्यूक्यूएमपीएल द्वारा अनुरोध किया गया है क्योंकि बर्थ का पूरा उपयोग नहीं हो रहा है बशर्ते कि प्रशुल्क का अनुमोदन प्राधिकरण द्वारा किया जाए और यह भी कि एपीपीसीबी से वेस्ट क्वे-6 बर्थ के लिए सीएफओ में अपेक्षित आशोधन/ संशोधन भी किये जाएं।

(iii) वीपीटी के न्यासी मंडल ने 13 अक्तूबर, 2017 को हुई अपनी बैठक में संकल्प संख्या 71/2017-18 के द्वारा निम्नलिखित अनुमोदन किया:

(क) ग्राही को प्राधिकरण द्वारा प्रशुल्क की घोषणा के अधीन जिप्सम, चूनापत्थर, बाक्साइट, मेंगनीज़ अयस्क, उर्वरक को नॉन-एक्सक्लूसिव आधार पर ईसी, सीएफओ की शर्तों में आवश्यक आशोधन यदि कोई हो के साथ और इस शर्त पर कि ग्राही उनकी एक्सूलिविटी के दावे के साथ-साथ उनके द्वारा जारी परामर्श सूचना को वापस लेने की शर्त की अधीन प्रहस्त करनी की अनुमति दी जा सकती है।

(ख) ग्राही के अनुसूचित परियोजना समाप्ति की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए या परियोजना सुविधाओं और सेवाओं की प्रहस्त कार्गो की औसत वार्षिक प्रमात्रा दो लगातार वर्षों के लिए परियोजना क्षमता का 15% के स्तर पर पहुंच जाने, जो भी कम हो, तक प्रहस्त

करने की अनुमति दी जाये और उक्त कार्गो को प्रहस्त करने की अनुमति जारी रखने की समीक्षा उसके पश्चात् की जायेगी।

15.2. इस प्रकार, वीपीआी के न्यासी मंडल के उक्त तीनों संकल्पों के अनुसार, बोर्ड 10 अतिरक्त कार्गो अर्थात् पैट कोक, ग्रेनुलेटड ब्लॉस्ट फर्नेस स्लैग, बोरा बंद फ्लाई एश, एग्रीगेट्स इन बल्क, एंड बोल्डर्स, जिप्सम, चूनापत्थर, बाक्साइट, मेंगनीज़ अयस्क, उर्वरक के प्रहस्तन का अनुमोदन किया। अंतिम बोर्ड संकल्प ग्राही के अनुसूचित परियोजना समाप्ति की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए या परियोजना सुविधाओं और सेवाओं की प्रहस्त कार्गो की औसत वार्षिक प्रमात्रा दो लगातार वर्षों के लिए परियोजना क्षमता का 15% के स्तर पर पहुंच जाने जो भी कम हो, तक प्रहस्त करने की अनुमति दी जाये और उक्त कार्गो को प्रहस्त करने की अनुमति जारी रखने की समीक्षा उसके पश्चात् की जायेगी।

16. इस मामले में परामर्श संबंधी कार्रवाई इस प्राधिकरण के कार्यालयी रिकॉर्ड में उपलब्ध है। संबंधित पक्षों द्वारा दिए गए मतों का सार उनको पृथक रूप से प्रेषित किया जाएगा। ये विवरण हमारी वेबसाइट http://tariffauthority.gov.in पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

17. मामले की प्रक्रिया के दौरान एकत्र की गई सूचना की समग्रता के संदर्भ से निम्नलिखित स्थिति उभर कर सामने आती है:

(i) विशाखापट्टणम पत्तन न्यास (वीपीटी) ने इस प्राधिकरण से वीपीटी की बर्थ संख्या वेस्ट क्वे (डब्ल्यूक्यू-6 पर ग्राही मैसर्ज वेस्ट क्वे मल्टी पोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (डब्ल्यूक्यूएमपीएल) द्वारा प्रहस्त किये जाने वाले 10 अतिरिक्त कार्गो के प्रहस्तन प्रभारों का अनुमोदन प्राप्त करने का प्रस्ताव दायर किया है।

(ii) 10 अतिरिक्त कार्गो के प्रहस्तन प्रभारों के अनुमोदन के लिए वर्तमान प्रस्ताव दायर करने के लिए वीपीटी द्वारा प्रस्तुत मुख्य दलीलें इस प्रकार है:—

(क) डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ का काफी न्यून उपयोग हो रहा है और 0.52 एमटी की न्यूनतम गारंटी कार्गो (एमजीसी) भी पूरा नहीं हो पाता। वर्ष 2015-16 में बर्थ की आकूपैसी महज़ 28 दिन थी और 1.27 लाख टन की मात्रा ही प्रहस्त की गई। वर्ष 2016-17 में टर्मिनल आकूपेशन 63 दिन का था और 4.13 लाख टन प्रहस्तन किया गया था।

(ख) बर्थ के उपयोग में सुधार के लिए, रियायत करार के दायरे के भीतर सभी संभावनाओं का अन्वेषण किया गया है।

(ग) बोली-पूर्व स्तर पर ही, संभावित बोली दाताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के प्रत्युत्तर में वीपीटी ने उत्तर दिया था कि दर्शाये कार्गो की अनुपलब्धता होने पर, जिसकी संभावना नहीं है, पत्तन, इस बर्थ पर प्रहस्तित किये जाने वाले अन्य कार्गो की अनुमति देगा, बशर्ते प्राधिकरण उसे अनुमोदित करे।

(घ) पत्तन ने वीपीटी द्वारा दिये गए बोली पूर्व उत्तर के सही अर्थ और प्रयोजन के बारे में विधिक राय ली। स्थायी अधिवक्ता की राय का संगत निष्कर्षी पैरा, 31 जुलाई, 2017 के ई-मेल द्वारा प्राप्त पुनरुद्धरित किया जा रहा है:—

**"बोली पूर्व बैठक में स्पष्टीकरण की विद्यमानता, जो रियायत करार का अभिन्न अंग है, संकेत करता है कि प्राधिकरण को किया गया अनुरोध बोली-पश्च आशोधन के समान नहीं है और कानून के अनुसार इसमें शामिल संविदा पक्षों द्वारा आरंभ की गई एक न्यायसंगत वाणिज्यिक कार्रवाई है।"**

(iii) इस प्राधिकरण ने अपने 12 फरवरी, 2009 के आदेश संख्या टीएएमपी/39/2008-वीपीटी के द्वारा अपफ्रंट प्रशुल्क का अनुमोदित वीपीटी के प्रस्ताव पर और हितधारकों तथा डब्ल्यूक्यूएमपीएल के आवेदनकर्ता नामत: एबीजी इंफ्रालॉजिस्टिक्स लिमिटेड सहित संभावित बोलीदाताओं के साथ परामर्श के पश्चात् किया गया था। उक्त आदेश इस प्राधिकरण द्वारा पोत परिवहन मंत्रालय (एमओएस) द्वारा जारी अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 के अनुसरण में किया था। इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित

अपफ्रंट प्रशुल्क परियोजना अवधि के दौरान डब्ल्यूपीआई के स्वत: वार्षिक 60% सूचकांकन के अधीन होता है।

अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित अपफ्रंट प्रशुल्क की बोली पश्च समीक्षा का उपबंध नहीं करते। इस प्रस्ताव का मूल प्रश्न यह है कि बोली पूर्व चरण के दौरान स्वयं वीपीटी ने स्पष्ट किया है कि निर्दिष्ट चार कार्गो मदों की अनुपलब्धता के मामले में, इस प्राधिकरण के अनुमोदन से डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ पर प्रहस्तित किये जा सकने वाले अन्य कार्गो को पहस्त करने की अनुमति देगा। इस प्रकार, वीपीटी के तर्क में, बोली-पूर्व चरण में ही बोली से पूर्व संभावित बोलीदाताओं की वीपीटी द्वारा अवगत करा दिया गया था कि दर्शाये गए कार्गो की अनुपलब्धता के मामले में, पोर्ट डब्ल्यूक्यू-6 बर्थ पर अन्य कार्गो को प्रहस्तन की अनुमति देगा बशर्ते इस प्राधिकरण का अनुमोदन प्राप्त हो।

(iv) इस प्राधिकरण को दिया गया अधिदेश महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 के उपबंधों के अनुसार इस प्राधिकरण को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रशुल्क निर्धारण करने का है। इस प्राधिकरण को अधिनियम की धारा 111 के अंतर्गत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी प्रशुल्क दिशानिर्देशों का अनुपालन नीति निर्देशों के रूप में करने का अधिदेश भी दिया गया है। इस प्राधिकरण के दृष्टिकोण से, वीपीटी द्वारा बोली पूर्व प्रक्रिया के दौरान दिया गया स्पष्टीकरण जैसा ऊपर चर्चा की गई है कि निर्दिष्ट कार्गो की अनुपलब्धता की स्थिति में, सफल बोलीदाता को अतिरिक्त कार्गो प्रहस्त करने की अनुमति दी जायेगी और कि बोली दस्तावेज दोनों पक्षों के बीच हुए रियायत करार का एक भाग होंगे, वीपीटी का संविदात्मक दायित्व है। यह प्राधिकरण दोनों पक्षों के बीच हुए संविदा में एक पक्ष नहीं है, जबकि सरकार द्वारा जारी प्रशुल्क दिशानिर्देश प्राधिकरण पर बाध्यकर है।

(v) इसलिए, बोली पश्च परिदृश्य में परियोजना के चलते रहने के दौरान कार्गो प्रोफाइल की समीक्षा करने के लिए अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 में समीक्षा खंड के अभाव में, एमओएस को हमारे 1 नवंबर, 2017 के पत्र के द्वारा एमओएस को मामले का परीक्षण कर इस प्राधिकरण को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया गया था ताकि वीपीटी के प्रस्ताव पर विचार किया जा सके। इस संबंध में, एमओएस ने 21 मई, 2018 के अपने पत्र संख्या आईडब्ल्यूटी- 11/33/2018-डीडी (डीडब्ल्यू) के द्वारा स्पष्ट किया कि वीपीटी द्वारा बोली-पूर्व बैठक में प्रदान किया गया स्पष्टीकरण रियायत करार का अभिन्न अंग हैं और अतिरिक्त कार्गो के लिए दरों का निर्धारण रियायत करार का। इसलिए, प्राधिकरण की टिप्पणी कि यह बोली-पश्च संशोधन है, सारभूत नहीं है। तदनुसार, प्राधिकरण से वीपीटी के प्रस्ताव पर बोली पूर्व बैठक में दिये गए स्पष्टीकरण और रियायत करार के अनुसार आगामी आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया जाता है।

(vi) एमओएस इस प्राधिकरण और वीपीटी दोनों के लिए एक शीर्ष प्राधिकारी होने के नाते, ऐसे स्थिति में है कि वह वीपीटी द्वारा अतिरिक्त कार्गो प्रहस्तन के लिए डब्ल्यूक्यूएमपीएल को अनुमति देने के संबंध में रियायत करार को मान्यता दे सकता है और साथ ही उस अतिरिक्त कार्गो का प्रशुल्क निर्धारित इस प्राधिकरण पर भी बाध्यकार है। चूंकि यह प्राधिकरण संदर्भाधीन मामले में अपफ्रंट प्रशुल्क दिशानिर्देश 2008 द्वारा शामिल है, यह रियायत करार के अंतर्गत अतिरिक्त कार्गो के लिए प्रशुल्क निर्धारण के लिए यह अपने दायित्व को मान्य नहीं कर सका।

(vii) यदि एमओएस और इस प्राधिकरण की क्रमिक स्थिति को सही परिप्रेक्ष्य में समझ लिया जाता और वीपीटी द्वारा प्रस्तुत विधिक राय को ध्यान में रखते हुए, तो वीएसपीएल द्वारा उठाया गया मुद्दा कि वीपीटी का प्रस्ताव एक बोली-पश्च परिदृश्य है तो यह अनुचित पाया जाता और इस पर सुविचार नहीं किया जाता। वास्तव में, अतिरिक्त कार्गो मदों के प्रशुल्क निर्धारण का संदर्भ तो स्वयं पूर्व-बिंदु चरण में ही डाल दिया गया था।

(viii) वीपीटी के न्यासी मंडल ने 10 अतिरिक्त कार्गो मदों के प्रहस्तन के लिए डब्ल्यूक्यूएमपीएल को अनुमोदन दिया है जिसके लिए वीपीटी ने इस प्राधिकरण को अतिरिक्त कार्गो के प्रहस्तन प्रशुल्क तब तक निर्धारण के लिए संपर्क किया है जब तक कि टर्मिनल अपनी संकल्पित क्षमता को भविष्य में नामित/निर्दिष्ट कार्गो से प्राप्त नहीं कर लेता। जब तक संदर्भाधीन अतिरिक्त कार्गो का प्रशुल्क

निर्धारित नहीं हो जाता, वीपीटी अपने संविदात्मक दायित्व का निर्वहन करने की स्थिति में नहीं होगा। इसलिए प्रस्ताव पर दस अतिरिक्त कार्गो मदों के प्रहस्तन प्रभारों के अनुमोदन के लिए सुविचार किया जाता है। इस प्राधिकरण द्वारा 12 फरवरी, 2009 को पारित प्रशुल्क आदेश द्वारा अनुमोदित दरमान बोली दस्तावेज़ों का अंतिम अंग हैं। डब्ल्यूक्यूएमपीएल को फरवरी, 2009 में अनुमोदित दरमानों के आधार पर 30 वर्षों की परियोजना अवधि के लिए प्राप्त राजस्व के आधार पर वीपीटी को संदेय राजस्व हिस्से को उद्धरत करना चाहिए था। निर्दिष्ट कार्गो मदों के लिए निर्धारित प्रहस्तन प्रभारों से संबंधित अनुसूची दरमानों का एक भाग हैं, और प्रहस्तन प्रभारों का निर्धारण 20,87,435 टन प्रति वर्ष की इष्टतम बर्थ क्षमता के प्रचालन पर 2,570.99 लाख रु. के आकलित वार्षिक राजस्व अपेक्षा (एआरआर) की वसूली के लिए किया गया था। इसलिए, 12 फरवरी, 2009 के अपफ्रंट प्रशुल्क आदेश में सुविचारित 20,87,435 टन की इष्टतम क्षमता और प्रहस्तन प्रभारों से 2,570.99 लाख रु. की आकलित राशि पर एआरआर को बनाए रखा गया है जैसा 12 फरवरी, 2009 के अपफ्रंट प्रशुल्क आदेश में चार कार्गो मदों के अपफ्रंट प्रहस्तन प्रभारों निकालते समय इस प्राधिकरण द्वारा सुविचार में लिया गया था।

(ix) (क) वीएसपीएल ने वीपीटी के वर्तमान प्रस्ताव पर पुरजोर आपत्ति की है। इंडियन प्राइवेट पोर्टस एंड टर्मिनल एसोसिएशन (आईपीपीटीए), प्राइवेट टर्मिनल प्रचालकों का एक छत्र निकाय, ने भी वीएसपीएल द्वारा उठाये गए मुददों को दोहराया है। वीएसपीएल और पीपीटीए के अतिरिक्त, किसी अन्य प्रयोक्ता/प्रयोक्ता संगठन ने वीपीटी के प्रस्ताव पर आपत्ति नहीं की है। वास्तव में, मैसर्ज के रामब्रहमन एंड संज़ प्राइवेट लिमिटेड ने स्पष्ट रूप से यह कहा है कि उनहें डब्ल्यूक्यू-6 पर तब तक बल्क कार्गो के उपयोग के लिए कोई आपत्ति नहीं है जब तक वहां निर्दिष्ट क्षमता प्राप्त नहीं कर ली जाती।

(ख) जहां तक वीएसपीएल और आईपीपीटीए द्वारा उठाये गए मुद्दों का संबंघ है कि कुछेक शब्दों की व्याखा के संदर्भ से बोली-पूर्व स्पष्टीकरण अस्पष्ट हे, वीपीटी ने साफ तौर पर बताया है कि बोली-पूर्व बैठक में वीपीटी द्वारा दिये गए उत्तर में दर्शाये गए कार्गो की अनुपलब्धता की स्थिति में टर्मिनल पर अन्य कार्गो की अनुमति देने के संबंध में कोई अस्पष्टता नहीं है। वीपीटी ने स्पष्ट किया है कि दर्शाये कार्गो के लिए प्रक्षेपित यातायात प्रमात्रा के आधार पर परियोजना बनाई गई थी और परियोना ककी व्यवहार्यता टेक्नों आर्थिक व्यवहार्यता रिपोर्ट (टीईएफआर) के अनुसार है। फिर भी, परियोजना के अव्यवहारिक होने के किसी संभावित जोखिम से बचने के लिए किए, जिस पर बोली के समय पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सका, वीपीटी ने यह तर्क दिया कि यह उस अन्य कार्गो की अनुमति देगा जिन्हें इस बर्थ पर प्रहस्त किया जा सकेगा और वह भी इस प्राधिकरण के अनुमोदनाधीन होगा। यह खंड कि "कार्गो जिसे प्रहस्त किया जा सके" स्पष्ट करता है कि पत्तन केवल उन्हीं कार्गो की अनुमति देगा जो निर्दिष्ट नहीं होंगे और अन्य पीपीपी टर्मिनलों के लिए विनिर्दिष्ट नहीं होंगे, ताकि अन्य प्रचालकों के व्यापारिक हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। वीएसपीएल को बहु कार्गो प्रहस्त करने के लिए बीओटी आधार पर दिया गया है और प्रस्तावित अतिरिक्त कार्गो के लिए कोई एक्सक्लूसिविटी भी विद्यमान नहीं है। इस प्रकार वीपीटी ने वीएसपीएल और ईप्टा द्वारा उठाये गए मुद्दों पर स्थिति स्पष्ट कर दी है।

(ग) वीएसपीएल ने यह आपत्ति भी की है कि बीओटी प्रचालक द्वारा प्रहस्त किये जाने वाले अतिरिक्त कार्गो के प्रहस्तन की अनुमति के लिए अनुमोदन प्राधिकरण नहीं है। इस संबंध में, यह बताया जाता है कि इस प्राधिकरण को यह अधिदेश है कि यह महापत्तन न्यासों और महापत्तन न्यासों द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली कार्गो संबंधी प्रभारों की अन्य दरों के साथ-साथ, दरों का निर्धारण करे।

वर्तमान मामले में, वीपीटी के न्यासी मंडल ने, पहले चर्चा किये गए कारणों से डब्ल्यूक्यूएमपीएल को अतिरिक्त 10 कार्गो मदों को प्रहस्त करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। पत्तन ने इस संबंध में न्यासी मंडल का अनुमोदन भी प्रस्तुत किया है। वीपीटी ने

इस प्राधिकरण से अपने बोर्ड के अनुमोदन के आधार पर 10 अतिरिक्त कार्गो मदों के लिए प्रहस्तन प्रभारों के अनुमोदन के लिए संपर्क किया है। एमओएस ने भी इस मामले में स्पष्टीकरण दे दिया है और इस प्राधिकरण रियायत करार और बोली-पूर्व बैठक में दिये गए स्पष्टीकरण के अनुसार आगामी आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। यह प्राधिकरण संविधि के अंतर्गत वीपीटी द्वारा अधिकृत बीओटी प्रचालक द्वारा प्रदान की जाने वाली कार्गो प्रहस्तन सेवाओं के लिए प्रहस्तन प्रभार प्रशुल्क निर्धारित करने के अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर है। यह मानना होगा कि जब तक अतिरिक्त कार्गो के लिए प्रशुल्क का निर्धारण कर नहीं दिया जाता, वीपीटी रियायत करार के अंतर्गत अपने संविदात्मक दायित्व निर्वहन करने की स्थिति में नहीं होगा।

